INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Date: ---- 04-2024 (April)
Q. Bank & Grammar	**Topic:** कोयल (कविता)	**Note: Pls. check with your class work**

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्र1-कोयल किस रंग की होती है?

उत्तर-कोयल काले रंग की होती है|

प्र2-कोयल की बोली कैसी होती है?

उत्तर-कोयल की बोली मीठी होती है|

प्र3-कोयल किस स्वर में गाती है?

उत्तर-कोयल पंचम स्वर में गाती है|

प्र4-कोयल की आवाज किस ऋतु में सुनाई देती है?

उत्तर-कोयल की आवाज बसंत ऋतु में सुनाई देती है|

लघु प्रश्न-उत्तर

प्र1-पक्षियों में सबसे ज्यादा कर्कश बोली किसकी होती है?क्या उसे लोग पसंद करते हैं?

उत्तर- पक्षियों में सबसे ज्यादा कर्कश बोली कौवे की होती है| लोग उसे सुनना नहीं चाहते हैं| इसीलिए उसे कोई मान-सम्मान नहीं देता है|उसे लोग दूर भगा देना चाहते हैं|

प्र2-कवि ने कोयल के बारे में क्या बताया है?

उत्तर- कवि ने कोयल के बारे में बताया है कि वह काली होती है|वह कू-कू करती हुई डाली-डाली पर फिरती रहती है|वह पत्तों के बीच छिपकर पंचम स्वर में गाती है|

प्र3- पेड़-पौधे कब मनोहर दिखाई देते हैं?

उत्तर- जब पेड़ों पर नए-नए पत्ते आ जाते हैं, फल-फूलों से लद जाते हैं| वे हरे-भरे हो जाते हैं| तब पेड़-पौधे बहुत मनोहर दिखाई देते हैं|

प्र4-समाँ निराला कब हो जाता है?

उत्तर- जब जाड़ा कम हो जाता है, सूरज थोड़ा गरम हो जाता है, प्रकृति में चारों तरफ भीनी-भीनी खुशबू फैल जाती है तब समाँ बहुत निराला हो जाता है|

दीर्घ प्रश्न-उत्तर

प्र1- कोयल जिस मौसम में गाती है , उस मौसम को लुभावना क्यों कहा गया है?

उत्तर- कोयल जिस मौसम में गाती है , उस मौसम को लुभावना कहा गया है क्योंकि उस मौसम में न तो ज्यादा गर्मी होती है न ही ज्यादा सर्दी | पेड़-पौधों पर नई-नई कोंपले निकलने लगती हैं |वे फल-फूलों से भी लद जाते हैं|चारों तरफ़ वातावरण आनंद से भरपूर होता है|

प्र2-कोयल सबको क्यों अच्छी लगती है? उसका कौन-सा गुण आप अपनाना चाहेंगे और क्यों?

उत्तर- कोयल अपनी मधुर आवाज के कारण सबको अच्छी लगती है| उसके इस गुण को हम अपनाना चाहेंगे क्योंकि इससे स्वयं को सुकून मिलेगा और सुनने वाले को भी सुकून मिलेगा|हमारे इस गुण के कारण लोग हमारी भी तारीफ़ करेंगे | समाज में हमारा मान-सम्मान बना रहेगा|

व्याकरण भाग

प्र- निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए|

1. फूल- सुमन, पुष्प
2. सूरज- रवि, सूर्य
3. कोयल – कोकिल, पिक
4. डाली- शाखा, टहनी
5. पेड़- वृक्ष , तरु
6. नया – नूतन, नवीन
7. पृथ्वी- धरती , भूमि
8. जल- पानी, नीर

प्र- निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. काली x गोरी / सफ़ेद
2. अपनी x पराई
3. जाड़ा x गरमी
4. नए x पुराने
5. थोड़ा x बहुत

6. दिन x रात

7. एक x अनेक

8. मधुर x कर्कश

प्र- निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए|

	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग
1-	माता	पिता
2-	दादी	दादा
3-	चाची	चाचा
4-	शिक्षिका	शिक्षक
5-	अध्यापिका	अध्यापक
6-	हिरनी	हिरन
7-	महिला	पुरुष
8-	मोरनी	मोर

प्र- दिए गए वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए|

1. जिसका पता न हो - अज्ञात

2. आगे आने वाला - आगामी

3. जो पहले जन्मा हो - अग्रज

4. जो बाद में जन्मा हो - अनुज

5. शिक्षा देने वाला - शिक्षक

6. दया करने वाला - दयालु

7. साथ पढ़नेवाला - सहपाठी

8. कम जानने वाला - अल्पज्ञ

---000---

अनुच्छेद- मेरा प्रिय पक्षी

प्रश्न – घड़ी पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए |